भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

08.12.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1692 का उत्तर

कोविड के बाद रेलगाड़ियां पुन: चलाया जाना

1692. श्री भरतसिंहजी शंकरजी डाभी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गत वर्ष कोविड-19 महामारी के कारण बंद की गई रेलगाड़ियों को फिर से शुरू करने के लिए मंत्रालय को पश्चिम रेलवे से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो आज की तिथि में ऐसे प्रस्तावों की क्या स्थिति है; और

(ग) रेलगाड़ी सेवाओं के कब तक सामान्य होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): जी हां। पश्चिम रेलवे ने वर्तमान आवश्यकता के अनुसार सेवाओं को शुरू करने के लिए रेलवे बोर्ड को प्रस्तुत किए गए सभी प्रस्तावों का अनुमोदन पहले ही प्राप्त कर लिया है।

(ग): गाड़ियां जो कोविड-19 महामारी के कारण मेल/एक्सप्रेस विशेष/हॉलीडे स्पेशल (एमएसपीसी/एचएसपी) के रूप में परिचालित की जा रही थी और जिन्हें वर्किंग समय-सारणी, 2021 में शामिल किया गया था, को अब नियमित संख्या और किराए तथा कोटियां जो लागू हो, के साथ परिचालित किया जा रहा है।

******

S.K